# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.01.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद राष्ट्र को संबोधित करेंगी।
2. मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्टार्टअप उद्यमों में लगे युवाओं से, गुणवत्ता पर बल देने की अपील की।
3. राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि मतदान देश की लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया में नागरिकों के विश्वास का प्रतीक है।
4. आज देश भर में राष्ट्रीय पर्यटन दिवस मनाया जा रहा है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद राष्ट्र को संबोधित करेंगी। आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनल पर इसका प्रसारण शाम सात बजे से होगा। दूरदर्शन के सभी चैनल हिंदी और अंग्रेजी में इसे प्रसारित करेंगे। इसके बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर प्रादेशिक भाषाओं में भी इसका प्रसारण होगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय चैनलों पर रात साढ़े नौ बजे से प्रादेशिक भाषाओं में राष्ट्रपति का संबोधन प्रसारित करेगा। आकाशवाणी दिल्ली से सर्व भाषा कवि सम्मेलन रात दस बजे से बारह बजे तक रिले किया जाएगा। कल गणतंत्र दिवस के अवसर पर आकाशवाणी श्री विजयपुरम सुबह साढ़े आठ बजे से मरीना पार्क रोड से ध्वजारोहण समारोह और उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी का द्वीपवासियों के नाम संबोधन का सीधा प्रसारण करेगा। इसके बाद नई दिल्ली से सुबह नौ बजकर चालीस मिनट से गणतंत्र दिवस परेड और सांस्कृतिक झांकियों का

सीधा प्रसारण किया जाएगा। दूरदर्शन केन्द्र श्री विजयपुरम की ओर से भी राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा दूरदर्शन के यू–ट्यूब चैनल पर भी कार्यक्रम देखा जा सकता है। द्वीप समूह के विभिन्न हिस्सों में आयोजित सभी कार्यक्रमों की एक विस्तृत रिपोर्ट शाम पांच बजे से साढ़े छः बजे तक प्रसारित की जाएगी। इस बीच, सतहत्तरवें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कल केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानन्द राय द्वीपसमूह के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे। राज्य मंत्री कल वाइपर द्वीप में ध्वजारोहण करेंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से, विशेषकर स्टार्टअप उद्यमों में लगे युवाओं से, गुणवत्ता पर बल देने की अपील की है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है और पूरे विश्व की नजर भारत पर है। प्रधानमंत्री ने लोगों से देश में विनिर्मित हर वस्तु की गुणवत्ता में सुधार का संकल्प लेने का आग्रह किया। श्री मोदी ने कहा कि भारत के लोग 26 जनवरी को पर्व के रूप में मनाते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दस वर्ष पहले जनवरी 2016 में भारत ने स्टार्टअप इंडिया के शुभारंभ के साथ यह महत्वकांक्षी यात्रा शुरू की थी।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर श्री मोदी ने कहा कि मतदाता लोकतंत्र की आत्मा हैं। जब कभी एक युवा पहली बार देश का मतदाता बनता है तो पूरे पड़ोस, गांव या शहर को एकजुट होकर उसे बधाई देनी चाहिए और मिठाईयां बांटकर इस क्षण का उत्सव मनाना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि इससे मतदान के बारे में जागरुकता बढ़ेगी और यह भावना मजबूत होगी कि मतदाता बनना कितना महत्वपूर्ण है।

<><><><><><>

पूरा राष्ट्र आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह की अध्यक्षता की। राष्ट्रपति ने कहा है कि मतदान केवल राजनीतिक अभिव्यक्ति नहीं बल्कि देश की लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया में नागरिकों के विश्वास का प्रतीक है। राष्ट्रपति ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदाताओं, विशेष रूप से महिलाओं को मतदाता दिवस पर बधाई दी। राष्ट्रपति ने निरंतर चुनाव सुधारों के लिए निर्वाचन आयोग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मतदान का अधिकार जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही अधिक महत्वपूर्ण यह भी है कि लोग जिम्मेदारी के साथ अपना कर्तव्य समझकर मतदान करें। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आयोग की प्रत्येक पहल, नीति और निर्णय का केंद्र हमेशा से ही देश का मतदाता रहा है। श्री ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हाल ही में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन पूरी तरह से सफल रहा। आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग को मतदाता जागरूकता के सर्वश्रेष्ठ अभियान के लिए इलेक्ट्रॉनिक रेडियो की श्रेणी में वर्ष दो हजार पच्चीस का मीडिया पुरस्कार प्रदान किया गया। आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन ने राष्ट्रपति से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

<><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज सोलहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। मुख्य समारोह टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. कुमार ने किया। इसके पश्चात मुख्य सचिव ने उपस्थिति को मतदाता शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का वीडियो संदेश प्रसारित किया गया, जिसमें उन्होंने एसआईआर की उल्लेखनीय उपलब्धि को बिहार विधानसभा चुनावों की सफलता से जोड़ते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में नवाचारों की सराहना की। इस दौरान मतदान जागरूकता पर एक नाट्य प्रस्तुति पेश की गई। द्वीपसमूह में उल्लेखनीय कार्य करने वाले बूथ स्तरीय अधिकारियों को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने मतदान की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मताधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। कार निकोबार में भी मतदाता दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

आज देश भर में राष्ट्रीय पर्यटन दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यटन के महत्व के प्रति जागरूक करना और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर आकाशवाणी समाचार से बातचीत में ए एन टी ओ ए के अध्यक्ष सिमसन ने द्वीपसमूह में पर्यटन के विकास पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

कोलकाता से आ रहे जहाज एम वी स्वराजद्वीप के कल सुबह छः बजे तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है। जहाज से तीन सौ मिट्रिक टन से अधिक माल लाया जा रहा है। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>